-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 17.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा गुम/भटके हुए 03 वर्षीय बच्चे के परिजनों का मात्र आधे घंटे के भीतर पता लगाकर बच्चे को सकुशल सुपुर्द किया गया।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली गुम/भटकी हुए 03 वर्षीय बच्चे के परिजनों का मात्र आधे के घंटे के भीतर पता लगाकर सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 17.06.2026 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम महोखर तिंदवारी रोड पर एक 03 वर्षीय बच्चा संदिग्ध अवस्था में मिला जिसे एक व्यक्ति द्वारा चौकी महोखर लाकर बच्चे के अपने माता-पिता से बिछड़ जाने/खो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गई। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी महोखर श्री दुर्विजय सिंह द्वारा टीम गठित करते हुए सक्रियता के साथ आस-पास के लोगों से पूछताछ कर मात्र आधे घंटे के भीतर बच्चे के माता-पिता का पता लगाकर सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा बच्चे के वापस पाकर पुलिस टीम की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।